दिन–बुधवार दिनांक– 11 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के प्रतिभागियों को किया संबोधित। कहा– हैकाथॉन ने कई बड़ी समस्याओं का समाधान निकाला है।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा – पंचायती राज व्यवस्था में महिला जनप्रतिनिधि बदलाव की वाहक बन रही हैं। महिला जनप्रतिनिधियों से स्वतंत्र नेतृत्वकर्ता बनने की अपील की।

03. मुजफ्फरपुर जिले की जजुआर पंचायत, नालंदा जिले की पार्थू पंचायत और जहानाबाद जिले की पुनहाड़ा पंचायत को विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से किया गया सम्मानित।

04. और, बोधगया के महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत डिजिटल रूप से लगातार आगे बढ़ रहा है। श्री मोदी स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन दो हजार चौबीस के ग्रैंड फिनाले में वीडियो कांफ्रेंस के जरिए युवा नवाचारकर्ताओं के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हैकाथॉन ने कई बड़ी समस्याओं का समाधान निकाला है। नवाचार से जुड़े युवाओं की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सभी लोगों के पास इक्कीसवीं सदी के भारत का अलग दृष्टिकोण है।

–––बाईट–––

श्री मोदी ने कहा कि भारत तेज गति से तभी आगे बढ सकता है जब सभी के प्रयास शामिल हों।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि पंचायती राज व्यवस्था में महिला जनप्रतिनिधि बदलाव की वाहक बन रही हैं। श्रीमती मुर्मू आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों से अपने कर्तव्य का निर्वाह निष्ठापूर्वक करने और स्वयं को स्वतंत्र नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित करने की अपील की।

---बाईट---

श्रीमती मुर्मू ने कहा कि विकसित भारत की नींव आत्मनिर्भर और सक्षम स्थानीय निकायों के आधार पर रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए।

---बाईट---

इस अवसर पर पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि उनका मंत्रालय राज्य सरकारों के साथ मिलकर सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।

---बाईट---

समारोह में राष्ट्रपति ने जमीनी स्तर पर शासन और सामुदायिक विकास की व्यापक उपलब्धियों के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में बिहार की तीन समेत विभिन्न राज्यों की पैंतालीस पंचायतों को पुरस्कृत किया। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए मुजफ्फरपुर जिले के कटरा प्रखंड के जजुआर पंचायत के मुखिया सुमन नाथ ठाकुर को राष्ट्रपति ने तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

---वॉयस---

नालंदा जिले के एकंगरसराय प्रखंड के पार्थू पंचायत की मुखिया तृप्ति कुमारी को आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा के क्षेत्र में तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

---वॉयस---

वहीं, जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के पुनहाड़ा ग्राम पंचायत की मुखिया निभा कुमारी को सुशासनयुक्त पंचायत के लिए राष्ट्रपति ने तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया।

---वॉयस---

समारोह के दौरान राष्ट्रपति और केन्द्रीय पंचायती राज मंत्री ने विजेता पंचायतों की नवाचारी और प्रभावी कार्य प्रणालियों पर एक पुस्तिका का भी विमोचन किया। समारोह में औरंगाबाद, नालंदा, मधेपुरा, कटिहार और अररिया जिले के कुल चौवालीस मुखिया भी शामिल हुए।

---

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वित्तीय वर्ष दो हजार चौदह–पंद्रह से वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस तक मनरेगा के तहत बिहार में एक सौ चौवन दशमलव चार–चार करोड़ श्रम दिवस का सृजन किया गया। लोकसभा में दरभंगा के सांसद गोपालजी ठाकुर के एक प्रश्न के जवाब में श्री चौहान ने बताया कि बिहार में मनरेगा के तहत वित्तीय वर्ष दो हजार छह–सात से दो हजार तेरह–चौदह तक छिहत्तर दशमलव पांच–आठ करोड़ श्रम दिवस का सृजन किया गया था।

———————————————————————

बोधगया स्थित महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने बताया कि एक पत्र के माध्यम से यह धमकी दी गयी है। यह पत्र झारखंड के कुख्यात अपराधी प्रिंस खान के नाम से भेजा गया है। प्रिंस खान तीस लाख रूपये का इनामी है और उसके खिलाफ रेड तथा ब्लू कॉर्नर नोटिस भी जारी किया गया है। सिटी एसपी ने बताया कि गया पुलिस ने प्रिंस खान के धनबाद स्थित आवास पर छापेमारी की, लेकिन वह वहां नहीं मिला। उन्होंने बताया कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह धमकी असली है या किसी ने प्रिंस खान के नाम का इस्तेमाल कर साजिश रची है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र के मेहदा शाहपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोगों की मौत हो गयी। मृतक के परिजनों ने शराब पीने से मौत की आशंका जताई है। इधर, जिला प्रशासन ने कहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

———————————————————————

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने गया के फतेहपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल रंजन को सत्तर हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बीडीओ फतेहपुर के उप प्रमुख से योजना के कार्यान्वयन को लेकर घूस ले रहा था।

———————————————————————

वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में आज छठे दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने एक सौ पैंतालीस छात्र–छात्राओं को गोल्ड मेडल प्रदान किया। साथ ही कई छात्रों को उपाधि भी प्रदान की गई।

———————————————————————

नगर विकास मंत्री नितिन नबीन ने कहा है कि पटना मेट्रो का काम तेजी से चल रहा है। मलाही पकड़ी से बैरिया स्थित न्यू इंटर स्टेट बस टर्मिनल तक बने कॉरिडोर का सिविल वर्क पूरा कर लिया गया है। मेट्रो रेल के कार्य के निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री नबीन ने कहा कि अब ट्रैक बिछाने का काम जारी है।

———बाईट———

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि हिमालय की तराई वाले जिलों में आज देर रात से घना कोहरा छाया रहने का पूर्वानुमान है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सात दशमलव दो डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर जिले का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

पटना के दानापुर स्थित एक गोदाम में मद्यनिषेध विभाग और पुलिस की टीम ने छापेमारी कर दो हजार पांच सौ बयासी लीटर शराब बरामद की है। मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से हथियार भी बरामद किए गए।

———————————————————————

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के कौआखोंच गांव में एक समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने सेना के एक नायक सूबेदार समेत दो

लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से एक राइफल, एक बंदूक और कारतूस बरामद किये गये हैं।

———————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर पांच किलो गांजा, स्मैक, शराब और हथियार के साथ दस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

गोपालगंज जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र के हंकारपुर गांव के पास से पुलिस ने एक लूटकांड के फरार तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अपराधियों ने दो युवकों की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

जमुई जिला मुख्यालय में आयोजित नियोजन सह मार्गदर्शन मेले में पांच सौ से अधिक युवाओं को विभिन्न कंपनियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

———————————————————————

सीतामढ़ी जिला आज अपना तिरेपनवां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गए।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के प्रतिभागियों को किया संबोधित। कहा– हैकाथॉन ने कई बड़ी समस्याओं का समाधान निकाला है।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा – पंचायती राज व्यवस्था में महिला जनप्रतिनिधि बदलाव की वाहक बन रही हैं। महिला जनप्रतिनिधियों से स्वतंत्र नेतृत्वकर्ता बनने की अपील की।

03. मुजफ्फरपुर जिले की जजुआर पंचायत, नालंदा जिले की पार्थू पंचायत और जहानाबाद जिले की पुनहाड़ा पंचायत को विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार से किया गया सम्मानित।

04. और, बोधगया के महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।